दिल मेरा ऐसे तुम तोड़ के ना जाओ

दिल मेरा ऐसे तुम,
तोड़ के ना जाओ,
ओ मेरे श्याम मुझे,
छोड़ के ना जाओ,
ओ मेरे श्याम मुझे,
छोड़ के ना जाओ।।

वादा किया था तूने,
साथ मैं निभाउंगा,
उम्र भर राधे संग,
जिंदगी बिताऊंगा,
मुझको रुला के मुंह,
मोड़ के ना जाओ,
ओ मेरे श्याम मुझे,
छोड़ के ना जाओ।।

तू जो चला जाएगा तो,
मैं मर जाउंगी,
मरते मरते तुझसे श्याम,
रिश्ता निभाऊंगी,
ब्रज से यूँ नाता अपना,
तोड़ के ना जाओ,
ओ मेरे श्याम मुझे,
छोड़ के ना जाओ।।

कहते थे लोग राधे,
धोखा तू खायेगी,
इस छलियाँ से राधे,
बच नहीं पाएगी,
झूठी ये बाते उनकी,
सच ना कराओ,
ओ मेरे श्याम मुझे,
छोड़ के ना जाओ।।

ये तो बता दे श्याम,
कैसे रह पाउंगी,
तेरे बिना ये जीवन,
कैसे बिताउंगी,
‘राजीव खदाना’ कहता,
प्रीत निभाओ,
ओ मेरे श्याम मुझे,
छोड़ के ना जाओ।।

दिल मेरा ऐसे तुम,
तोड़ के ना जाओ,
ओ मेरे श्याम मुझे,
छोड़ के ना जाओ,
ओ मेरे श्याम मुझे,
छोड़ के ना जाओ।।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24506/title/dil-mera-aise-tum-torh-ke-na-jao

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |